Ref-No. GGVS-2021/21/111

सोयाबीन अर्क/दूध

(पौध बढ़वार टॉनिक)

सोयाबीन के बीजों को गलाकर निकाले हुए दूध से बना टॉनिक पौधों की बढ़वार के लिए एक बेहतरीन आसानी से तैयार होने वाला टॉनिक है। इसका प्रयोग सब्जियों (विशेषकर मिर्च, टमाटर आदि में) में बहुत अच्छे परिणाम देता है।

निर्माण सामग्री :

- 1 किग्रा सोयाबीन
- 250 ग्राम गुड

बनाने की विधि : 1 किग्रा सोयाबीन को 24 घण्टे के लिए पानी में भिगोकर रख दे। अच्छे से फूल जाने पर दानों को पानी से निकाल ले (पानी फेंके नही) और बारिक पीस लें। अब इसमें 250 ग्राम गुड को पानी में अच्छे से घोलकर मिला दे। इसमें 5 लीटर सादा पानी डालकर घोल बना लें तथा इस घोल को 3 दिनों तक मिट्टी या प्लास्टिक के बर्तन में भरकर रख दें। बर्तन का मुंह किसी कपड़े से बंद कर दें।

उपयोग : तीन दिन बाद इस घोल को छानकर आधा लीटर प्रति टंकी (15 लीटर पानी) में मिलाकर छिड़काव करने से पौधा अच्छी वृद्धि करता है, स्वस्थ रहता है तथा फल एव फूलों का अधिक उत्पादन होता है।

भण्डारण एवं अन्य सावधानियां : बनाने के बाद एक सप्ताह के अन्दर उपयोग कर लें।

गोयल ग्रामीण विकास संस्थान

श्रीरामशान्ताय

जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र

राजस्थान जैविक प्रमाणीकरण संस्थान जयपुर द्वारा प्रमाणित

ग्राम जाखोड़ा, कैथून-सांगोद मार्ग, कोटा - 325001 (राजस्थान)

88759 95439 ggvs@goyalglobal.com www.ggvsglobal.com